# हरियाणा विधान सभा

## सातवां सत्र (अगस्त सत्र 2026)

## अतारांकित प्रश्न

## 27 अगस्त 2026

----

**कुल प्रश्न - 40**

----

### अग्निशमन प्रबंधन प्रणाली को सुदृढ़ करना

1 **श्रीमती विनेश (जुलाना):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या जुलाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में अग्निशमन प्रबंधन प्रणाली को सुदृढ़ करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; यदि हां, तो यहां पर कितने अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराए जाने प्रस्तावित है तथा उपरोक्त वाहनों को कब तक उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है; तथा

ख) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं?

----

### मुआवजा प्रदान करना

2 **श्रीमती विनेश (जुलाना):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) क्या जुलाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव पड़ाना के महावीर फौजी, गांव गतौली के रामफल पुत्र श्री गोपी शर्मा, बीरा पुत्र श्री टेकराम, गांव देशखेड़ा के दीपक पुत्र श्री

रमेश लाठर तथा रवीश पुत्र श्री राजेश लाठर के खेतों में अप्रैल 2026 महीने में आग लगने के कारण क्षतिग्रस्त हुई गेहूं की फसल के लिए सरकार द्वारा मुआवजा देने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रभावित व्यक्तियों को मुआवजा कब तक जारी किए जाने की संभावना है ; तथा

ख) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण करना

3 **श्री जगमोहन आनन्द (करनाल):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:—
क्या करनाल-काछवा सड़क पर राम नगर क्षेत्र के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## कच्चे नहरी मार्ग को पक्का करना

4 **श्री जगमोहन आनन्द (करनाल):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:—
(क) क्या यह तथ्य है कि जिला करनाल में चिडाव माइनर के कच्चे नहरी मार्ग को पक्का करने का प्रस्ताव पिछले चार वर्षों से सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के पास लंबित पड़ा हुआ है; तथा
(ख) यदि हां, तो उपरोक्त नहरी मार्ग का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## छात्रों को प्रदान की गई छात्रवृत्ति का ब्यौरा

5 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि:—
(क) वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कक्षा दसवीं तथा बारहवीं में पढ़ रहे अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के सम्बधित छात्रों की जिला-वार संख्या का ब्यौरा क्या है जिन्हें सरकार द्वारा छात्रवृत्ति दी गई थी; तथा
(ख) वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कक्षा दसवीं तथा बारहवीं में पढ़ रहे पिछड़ा वर्ग से संबधित छात्रों की जिला-वार संख्या का ब्यौरा क्या है जिन्हें सरकार द्वारा छात्रवृत्ति दी गई है?

----

## व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के माध्यम से दिये गए रोजगारों की संख्या

6 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता राज्य मंत्री कृपया बताएंगे किः—
(क) क्या यह तथ्य है कि नूंह जिले में कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा चलाए जा रहे अल्पकालिक तथा दीर्घकालिक व्यावसायिक पाठ्यक्रम रोजगार-उन्मुख हैं; तथा
(ख) यदि हां, तो नूंह में जनवरी, 2022 से जून, 2026 तक उक्त पाठ्यक्रमों को पूरा करने वाले विद्यार्थियों का ट्रेड-वार ब्यौरा क्या है तथा ऐसे प्रशिक्षणार्थियों की संख्या कितनी है जिन्होंने उक्त पाठ्यक्रमों के माध्यम से रोजगार प्राप्त किया है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## प्रति व्यक्ति प्रतिदिन पेयजल आपूर्ति की मात्रा का ब्यौरा

7 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः—
(क) राज्य में सरकार द्वारा प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की जा रही पेयजल की आपूर्ति की मात्रा का जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) राजीव गांधी पेयजल परियोजना, नहर आधारित बादली परियोजना, नूरपुर परियोजना तथा अन्य पेयजल आपूर्ति योजनाओं के अंतर्गत जिला नूंह में सरकार द्वारा की जा रही पेयजल की आपूर्ति की प्रति व्यक्ति तथा प्रतिदिन मात्रा का ब्यौरा क्या है; तथा
(ग) गांव मलाब, घासेड़ा तथा उजीना में महाग्राम परियोजना के अंतर्गत कार्यों के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## सी.एस.आर. निधियों के अन्तर्गत विकास कार्यों का ब्यौरा

8 **श्रीमती मन्जु चौधरी ( नांगल चौधरी):**

क्या खान एवं भू-विज्ञान मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) गत् पांच वर्षों के दौरान नांगल चौधरी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में कार्यरत खनन कंपनियों की जिला खनिज फाउंडेशन (डी.एम.एफ.) तथा कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सी.एस.आर.) निधि से गांव बायल में किए गए विकास कार्यों का वर्षवार और कार्यवार ब्यौरा क्या है तथा उन पर कितना खर्च किया गया है; तथा

(ख) उपरोक्त निधियों से किए गए उपरोक्त कार्यों में से ऐसे कार्यों का ब्यौरा क्या है, जो वास्तव में धरातल पर नहीं किए गए हैं तथा उसके कारण क्या हैं?

----

## सड़क का निर्माण करना

9 **श्रीमती सावित्री जिन्दल ( हिसार):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे किः—
(क) क्या सूर्या नगर, हिसार शहर के निकट जाखल रेलवे लाइन के आगे स्थित पुल से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 9 (हिसार बाईपास) तक लगभग 4.5 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़क का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## सड़कों का निर्माण करना

10 **श्री हरिन्द्र सिंह ( होडल):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे किः—
(क) क्या यह तथ्य है कि हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (HSAMB) द्वारा होडल विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में निम्नलिखित योजक सड़कों (लिंक रोड़) को पक्का करने की स्वीकृति प्रदान की गई हैः—
(i) राष्ट्रीय राजमार्ग -19 से औरंगाबाद फूलवाड़ी सड़क (तुमेशरा लिंक ड्रेन एवं मिट्रोल माइनर प्रथम की सर्विस रोड) — 6.32 किलोमीटर;
(ii) एच.एस.ए.एम.बी. बनचारी सड़क से सौंध-लोहिना पी.डब्ल्यू.डी. सड़क (सड़क आई.डी.-12563) — 2.09 किलोमीटर;
(iii) गढ़ी पट्टी-नवलगढ़ पी.डब्ल्यू.डी. सड़क से कच्ची खेड़ा — 1.09 किलोमीटर; तथा
(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रत्येक सड़क की निविदा प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उपरोक्त सड़कों का निर्माण कार्य कब तक शुरू एवं पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सी.एच.सी.) के भवन का निर्माण करना

11 **श्री हरिन्द्र सिंह ( होडल):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या यह तथ्य है कि औरंगाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण करने के लिए सरकार द्वारा पहले ही स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है; यदि हां, तो उपरोक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

(ख) क्या उपरोक्त भवन का निर्माण करने के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है; यदि हां, तो इसके निर्माण कार्य को कब तक शुरू किए जाने तथा पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## कार्यात्मक एवं गैर- कार्यात्मक ऑक्सीजन संयंत्रों की संख्या

12 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) उन राजकीय अस्पतालों की जिला-वार संख्या कितनी है जहां कोविड-19 महामारी के दौरान बेड साइड पर ऑक्सीजन की आपूर्ति के लिए ऑक्सीजन संयंत्रों को लगाया गया था तथा वर्तमान में कार्यात्मक ऐसे ऑक्सीजन संयंत्रों की जिला-वार संख्या कितनी है; तथा

(ख) गैर- कार्यात्मक ऑक्सीजन संयंत्रों की जिला-वार संख्या कितनी है तथा इसके क्या कारण हैं और उन्हें कब तक कार्यशील किए जाने की संभावना है?

----

## रिक्त पदों को भरना

13 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या कारागार मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) राज्य के कारागार विभाग में ग्रुप 'ए', ग्रुप 'बी', ग्रुप 'सी' तथा ग्रुप 'डी' के पदों की स्वीकृत संख्या तथा वर्तमान कार्यरत कर्मचारियों की संख्या कितनी है; तथा

(ख) कारागार विभाग में रिक्त पदों के कब तक भरे जाने की संभावना है?

----

## कुल बजट अनुमान एवं खर्च हुए वास्तविक पूंजीगत का ब्यौरा

14 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या कारागार मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) 30 जून, 2026 के अनुसार राज्य की प्रत्येक जेल में कैदियों की स्वीकृत क्षमता तथा जेल वार वर्तमान संख्या कितनी है;

(ख) गत् पांच वर्षों के दौरान कारागार विभाग द्वारा बजट अनुमानों तथा खर्च किए गए वास्तविक पूंजीगत का वर्ष वार ब्यौरा क्या है;

(ग) कैदियों के सुधारात्मक तथा रिहाई के पश्चात् पुनर्वास संबंधी सेवाओं के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; तथा

(घ) क्या सरकार द्वारा प्रत्येक जेल में आगंतुक बोर्ड (बोर्ड ऑफ विजिटर्स) में गैर-सरकारी सदस्यों की नियुक्ति की गई है; यदि नहीं, तो ऐसी नियुक्तियां कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## पंजीकृत कारखानों की कुल संख्या

15 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:—
राज्य में आज तक पंजीकृत सक्रिय कारखानों की कुल संख्या कितनी है तथा गत् पांच वर्षों के दौरान राज्य में ऐसे कारखानों की जिला-वार एवं वर्ष-वार संख्या कितनी है?

----

## भू-जल में टी.डी.एस. स्तर का ब्यौरा

16 **श्री आदित्य सुरजेवाला (कैथल):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) वर्ष 2019 से राज्य में भू-जल में मापे गए कुल घुले हुए ठोस पदार्थ (टी.डी.एस.) के औसत स्तर का खण्ड-वार तथा वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2025 के दौरान सर्वाधिक मापे गए टी.डी.एस. स्तर वाली 10 पंचायतों/शहरों का जिला-वार ब्यौरा तथा उनके संबंधित टी.डी.एस. स्तर क्या है;

(ग) वर्ष 2014 से क्रमशः नहर-आधारित स्रोतों तथा भू-जल स्रोतों से पेयजल प्राप्त करने वाली जनसंख्या का जिला-वार और वर्षवार प्रतिशत कितना है; तथा

(घ) वर्ष 2019 से राज्य में सीवरेज अथवा बरसाती पानी के कारण पेयजल के दूषित होने की घटनाओं की जिला-वार और वर्षवार संख्या कितनी है?

----

## पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्तियों का ब्यौरा

17 **श्री आदित्य सुरजेवाला (कैथल):**

क्या अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण मंत्री कृपया वर्ष 2019 से अब तक की पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के संबंध में अनुसूचित जाति (एस.सी.), पिछड़ा वर्ग (बी.सी.) तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस.) के विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग निम्नलिखित जानकारी बताएंगे:

(क) इन वर्षों में छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की वर्षवार संख्या कितनी है;

(ख) इन वर्षों में स्वीकृत किए गए उक्त आवेदनों की वर्षवार संख्या कितनी है;

(ग) स्वीकृत छात्रों की संख्या वर्ष वार कितनी है जिन्हें इन वर्षों में छात्रवृति निधियां वास्तव में वितरित की गई हैं; तथा

(घ) इन वर्षों में स्वीकृत छात्रवृत्ति की कुल राशि के विरुद्ध वास्तव में वितरित की गई राशि

कितनी है तथा राशि के वितरण में किसी कमी अथवा लंबित रहने के क्या कारण हैं?

----

## दिल्ली-हिसार राष्ट्रीय राजमार्ग की कुल चौड़ाई

18 **श्री भारत भूषण बत्तरा ( रोहतक)ः**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) महाराजा होटल तथा किंग्स हवेली, रोहतक के सामने दिल्ली-हिसार राष्ट्रीय राजमार्ग (एन.एच.-9) की कुल चौड़ाई कितनी है तथा उपरोक्त स्थान पर ग्रीन बेल्ट की निर्धारित चौड़ाई कितनी है;

(ख) महाराजा होटल से प्लूटस, रोहतक तक ग्रीन बेल्ट की चौड़ाई कितनी है तथा क्या उपरोक्त बिंदु से हिसार की ओर फ्लाईओवर तक राजमार्ग के दोनों ओर ग्रीन बेल्ट पर कोई अतिक्रमण है; यदि हां, तो अतिक्रमणकारियों के नाम तथा अतिक्रमण के अंतर्गत आने वाला क्षेत्रफल कितना है;

(ग) हनुमान मंदिर चौक, रोहतक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन.एच.ए.आई.) से संबंधित भूमि का कुल क्षेत्रफल कितना है तथा उसका पूरा ब्यौरा क्या है; तथा

(घ) क्या महाराजा होटल से हिसार की ओर दिल्ली-हिसार राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ-साथ, सेक्टर-27, रोहतक में आने वाले पूरे जंक्शन सहित, सरकारी/एन.एच.ए.आई. भूमि पर कोई अतिक्रमण है; यदि हां, तो अतिक्रमण के अंतर्गत कुल क्षेत्रफल कितना है तथा उसका संपूर्ण ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त क्षेत्र के अनुमोदित लेआउट/साइट प्लान की प्रति दी जाए?

----

## सामुदायिक केंद्र की मरम्मत/नवीनीकरण

19 **श्री भारत भूषण बत्तरा ( रोहतक)ः**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) रोहतक में एच.एस.वी.पी. सिटी पार्क (पंडित श्री राम शर्मा) के साथ लगते सामुदायिक केंद्र का उद्घाटन किस तारीख को किया गया था;

(ख) क्या यह तथ्य है कि उपरोक्त सामुदायिक केंद्र वर्तमान में जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है तथा इसके प्रवेश द्वार के आसपास अतिक्रमण हो गया है;

(ग) क्या उपरोक्त सामुदायिक केंद्र की मरम्मत/नवीनीकरण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(घ) उपरोक्त सामुदायिक केंद्र को नगर निगम, रोहतक या संबंधित निवासी कल्याण संघ (रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन) को हस्तांतरित करने के संबंध में सरकार द्वारा कौन-कौन सी बाधाओं/अड़चनों का सामना किया गया है; तथा

(ङ) उपरोक्त सामुदायिक केंद्र के प्रवेश द्वार के आसपास हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर क्या पग उठाए गए हैं?

----

## बी.ए. (संगीत) तथा बी.सी.ए. पाठ्यक्रम शुरू करना

20 **श्री सतीश कुमार फागना (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद में खेड़ी गुजरान के राजकीय महाविद्यालय के भवन की मरम्मत एवं नवीनीकरण करने के संबंध में उच्चतर शिक्षा विभाग को कई अभ्यावेदन प्रस्तुत किए गए हैं; यदि हां, तो उपरोक्त अभ्यावेदन पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है;

(ख) क्या उपरोक्त महाविद्यालय में बी.ए. (संगीत) तथा बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन्स (बी.सी.ए.) पाठ्यक्रम शुरू करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त पाठ्यक्रमों को कब तक शुरू किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं?

----

## विकास योजना तैयार करना

21 **डॉ. कृष्ण कुमार (बावल):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या बावल कस्बे के लिए विकास योजना तैयार करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त विकास योजना को कब तक लागू किए जाने की संभावना है?

----

## पेयजल की आपूर्ति करना

22 **डॉ. कृष्ण कुमार (बावल):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या बावल विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव राजगढ़, धारण तथा टांकरी में पेयजल

की आपूर्ति करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## ई.एस.आई. अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू करना

23 **डॉ. कृष्ण कुमार (बावल):**

क्या श्रम मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) बावल में 150 बैडों वाले ई.एस.आई. अस्पताल का निर्माण कार्य किस तारीख को शुरू किया गया था तथा इसे कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है; तथा

(ख) उपरोक्त अस्पताल में चिकित्सा सुविधाएं कब तक सक्रिय होने की संभावना है?

----

## नगर पालिका में स्थायी अधिकारियों की नियुक्ति करना

24 **सरदार मनदीप चट्ठा (पेहोवा):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या यह तथ्य है कि नगर पालिका, इस्माइलाबाद की स्थापना नवंबर, 2018 में हुई थी, परन्तु यहां पर नगर पालिका सचिव, यांत्रिकी अभियंता तथा कनिष्ठ अभियंता सहित कोई भी नियमित/स्थायी अधिकारी की नियुक्ति नहीं की गई है;

(ख) क्या नगर पालिका , इस्माइलाबाद में नगर पालिका सचिव, यांत्रिकी अभियंता तथा कनिष्ठ अभियंता सहित स्थायी अधिकारियों की नियुक्ति करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ग) उपरोक्त रिक्त पदों को नियमित आधार पर कब तक भरे जाने की संभावना है?

----

## कलेसर राष्ट्रीय उद्यान का ब्यौरा

25 **चौ. अकरम खान ( जगाधरी):**

क्या वन एवं वन्यजीव मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) कलेसर राष्ट्रीय उद्यान तथा कलेसर के वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र में सरकार द्वारा अन्तिम व्यापक वन्यजीव गणना किस तारीख को कराई गई थी तथा उसके प्रमुख निष्कर्ष जैसे कि हाथी, तेंदुआ एवं शाकाहारी खुरदार वन्यजीवों जैसी प्रमुख प्रजातियों की संख्या क्या थी;

(ख) क्या सरकार द्वारा कलेसर राष्ट्रीय उद्यान के लिए कोई एकीकृत विकास अथवा ईको-टूरिज्म एवं प्रबंधन योजना बनाई गई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) पर्यटकों के लिए राष्ट्रीय उद्यान में वर्तमान में संचालित तथा आवंटित वाहनों का ब्यौरा क्या है; तथा

(घ) वन्यजीव विभाग को क्षेत्रीय निगरानी तथा अवैध शिकार की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा कितने सरकारी वाहन आवंटित किए गए हैं?

----

## रिक्त पदों को भरना

26 **श्री अनिल यादव ( कोसली):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि हरियाणा सरकार के परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा दिनांक 10.11.2025 को कोसली में हरियाणा राज्य परिवहन के उप-डिपो की स्थापना के लिए 92 पद सृजित करने के संबंध में पत्र लिखा गया था; यदि हां, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है तथा उपरोक्त पदों के कब तक भरे जाने की संभावना है?

----

## कृत्रिम घास सहित हॉकी अकादमी का निर्माण कार्य शुरू करना

27 **श्री अनिल यादव ( कोसली):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि गांव कंवाली में सरकार द्वारा कृत्रिम घास सहित हॉकी अकादमी का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है; यदि हां, तो कृत्रिम घास सहित उक्त अकादमी का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## ई.एस.आई. डिस्पेंसरी संचालित करना

28 **श्री अनिल यादव ( कोसली):**

क्या श्रम मंत्री कृपया बताएंगे किः—
(क) क्या यह तथ्य है कि कोसली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में ई.एस.आई. डिस्पेंसरी की स्थापना के लिए भूमि से संबंधित सभी दस्तावेज मुख्यालय, पंचकूला को भेज दिए गए हैं तथा इसके संचालन के लिए एक भवन किराये पर भी लिया गया है; तथा
(ख) यदि हां, तो उपरोक्त डिस्पेंसरी को कब तक संचालित किए जाने की संभावना है?

----

## स्वीकृत, भरे गए तथा रिक्त पदों की संख्या

29 **श्री विकास सहारण (कलायत):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि कलायत विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सा अधिकारियों, विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्सों, फार्मासिस्टों, **लेबॉरेटरी** तकनीशियनों, ए.एन.एम.एस तथा अन्य पैरामेडिकल अमले सहित संस्थान-वार तथा श्रेणी-वार स्वीकृत, भरे गए तथा रिक्त पदों की संख्या कितनी है?

----

## पात्र खिलाड़ियों को लंबित पुरस्कार राशि जारी करना

30 **श्री विकास सहारण (कलायत):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) राज्य के खिलाड़ियों को देय लंबित पुरस्कार राशि जारी किए जाने की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) वर्तमान में भुगतान के लिए लंबित पुरस्कार राशि की कुल राशि कितनी है तथा संबंधित पात्र खिलाड़ियों की संख्या कितनी है; तथा

(ग) सरकार द्वारा पात्र खिलाड़ियों को लंबित पुरस्कार राशि कब तक जारी किए जाने की संभावना है?

----

## प्रारम्भ/राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षण शिक्षा संस्थान (एस.आई.ए.एस.टी.ई.) के भवन तथा छात्रावास का निर्माण करना

31 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) झज्जर शहर में स्थित प्रारम्भ/ राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षण शिक्षा संस्थान (एस.आई.ए.एस.टी.ई.) के भवन तथा छात्रावास के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

(ख) उपरोक्त भवन तथा छात्रावास का निर्माण कार्य कब तक शुरू तथा पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## स्वामी ओमानंद सरस्वती पुरातत्व एवं सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण करना

32 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या विरासत एवं पर्यटन मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या स्वामी ओमानंद सरस्वती पुरातत्व एवं सांस्कृतिक केंद्र, झज्जर का निर्माण

करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, जिसका शिलान्यास कथित तौर पर दो बार किया जा चुका है; तथा

(ख) उपरोक्त संस्थान के लिए सृजित निदेशक-सह-संग्रह प्रभारी(डारेक्टर कम क्यूरेटर) के पद की वर्तमान स्थिति क्या है?

----

## संविदा कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों के समान सेवा लाभ प्रदान करना

33 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में वर्ष 2003 से राजकीय विद्यालयों में अंशकालिक कर्मचारी कार्य कर रहे हैं;

(ख) क्या ऐसे कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित करने के लिए दिनांक 11.11.2003 की नीति में संशोधन करने तथा उनकी वरिष्ठता सूची तैयार करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ग) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसके कब तक लागू किए जाने की संभावना है; तथा

(घ) क्या ऐसे कर्मचारियों को "समान कार्य के लिए समान वेतन" के सिद्धांत के अनुसार नियमित कर्मचारियों के समान वेतन, भत्ते तथा अन्य सेवा लाभ प्रदान करने का भी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## पी.एम. श्री योजना के अंतर्गत विद्यालयों में अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करना

34 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि लोहारू, बहल तथा सिवानी ब्लॉकों में से प्रत्येक में तीन राजकीय कन्या विद्यालयों को पी.एम. श्री विद्यालय के रूप में नामित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त विद्यालयों में पी.एम. श्री योजना के अंतर्गत प्रदान की गई अतिरिक्त सुविधाओं का विद्यालय-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उपरोक्त विद्यालयों में योजना के अंतर्गत निर्धारित प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय तथा अन्य संरचनाएं स्थापित की गई हैं; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(घ) यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं तथा शेष सुविधाएं कब तक प्रदान किए जाने की

संभावना है?

----

## भिवानी डिपो के अंतर्गत कर्मचारियों को एच.आर.एम.एस. पोर्टल पर स्थानांतरित करना

35 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या यह तथ्य है कि लोहारू सब-डिपो को दिनांक 24 मई, 2023 को भिवानी डिपो में विलय कर दिया गया था;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त विलय के बावजूद लोहारू सब-डिपो के कर्मचारियों के वेतन बिल, एल.टी.सी. बिल, चिकित्सा बिल तथा अन्य सेवा संबंधी मामलों का निपटान अभी भी दादरी डिपो द्वारा किया जा रहा है तथा एच.आर.एम.एस. पोर्टल पर भी कर्मचारियों को दादरी डिपो के अंतर्गत दर्शाया जा रहा है;

(ग) यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं; तथा

(घ) कर्मचारियों को एच.आर.एम.एस. पोर्टल पर भिवानी डिपो के अंतर्गत कब तक स्थानांतरित किए जाने की संभावना है तथा उनके सभी सेवा संबंधी मामलों का निपटान कब तक भिवानी डिपो द्वारा किए जाने की संभावना है?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में बढ़ाना

36 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या यह तथ्य है कि बहल में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कई वर्षों से संचालित है;

(ख) क्या उक्त स्वास्थ्य केंद्र के लिए नए भवन का निर्माण किया गया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहल का दर्जा बढ़ाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करने के प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसके अब तक कार्यशील न किए जाने के कारण क्या हैं; तथा

(घ) उपरोक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को कब तक कार्यशील किए जाने की संभावना है?

----

## खेल स्टेडियमों का ब्यौरा

37 **श्री इंदुराज सिंह नरवाल (बड़ौदा):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) बरोदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में स्थित राजकीय खेल स्टेडियमों का गांव-वार ब्यौरा क्या है तथा प्रत्येक स्टेडियम का नाम क्या है;

(ख) इसकी स्टेडियम-वार वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है तथा वहां कोच, खेल उपकरण, दौड़ने के ट्रैक, खेल मैदान, व्यायामशाला, पेयजल, शौचालय, लाईटिंग , चारदीवारी तथा अन्य बुनियादी खेल सुविधाओं की उपलब्धता क्या है;

(ग) प्रत्येक इन स्टेडियमों में पिछली बार खेल उपकरण किस तारीख को उपलब्ध करवाए गए थे तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(घ) ऐसे स्टेडियम जो कि जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पड़े या जहां पर पर्याप्त खेल उपकरण एवं बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, की मरम्मत, नवीनीकरण तथा में आवश्यक खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है तथा उपरोक्त स्टेडियमों में आवश्यक खेल सुविधाएं कब तक उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है?

----

## वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग तथा अन्य पेंशन लाभार्थियों का ब्यौरा

38 **श्री इंदुराज सिंह नरवाल (बड़ौदा):**

क्या सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) 1 जनवरी, 2025 से जुलाई, 2026 की अवधि के दौरान बरोदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में रोकी, बंद या काटी गई वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशनों का गांव-वार तथा लाभार्थी-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रत्येक पेंशन को बंद/रोके जाने की तारीख का लाभार्थी-वार ब्यौरा क्या है तथा उसके कारण क्या हैं तथा ये कार्रवाई किस विभागीय प्रक्रिया के अंतर्गत की गई है;

(ग) उन लाभार्थियों की संख्या कितनी है, जिनकी पेंशन बहाल कर दी गई है तथा उसका गांव-वार तथा लाभार्थी-वार ब्यौरा क्या है; तथा

(घ) अभी भी लंबित मामलों की गांव-वार तथा लाभार्थी-वार संख्या कितनी है तथा लंबित रहने के कारण क्या हैं तथा इन मामलों का निपटान कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## पार्क के विकास एवं सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू करना

39 **श्री सतपाल जाम्बा (पुंडरी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः—
(क) क्या यह तथ्य है कि पुंडरी के हाबड़ी सड़क पर स्थित त्रिकोणा पार्क के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए लगभग 1.27 करोड़ रुपये की राशि का प्रस्ताव नगर पालिका, पुंडरी द्वारा प्रस्तुत किया गया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा
(ख) उपरोक्त पार्क के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति कब तक प्रदान किए जाने की संभावना है तथा कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## उप-स्वास्थ्य केंद्रों को स्थानांतरित करना

40 **श्री सतपाल जाम्बा (पुंडरी)ः**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः—
क्या गांव रावनहेड़ा के स्वीकृत उप-स्वास्थ्य केंद्र को गांव म्यौली तथा गांव मोहना के उप-स्वास्थ्य केंद्र को गांव जांबा में स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है तथा उपरोक्त प्रस्ताव को कब तक अंतिम रूप दिये जाने की संभावना है?

----